# पर्यावरण अध्ययन

## कार्यपत्रक

**(सीखने के प्रतिफल पर आधारित)**

**कक्षा- 5**

SCERT
स्वाध्यायान्मा प्रमदः

**राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् नई दिल्ली**

वरुण मार्ग, डिफेंस कॉलोनी, नई दिल्ली-110024

# PREFACE

The National Policy on Education 2020 suggests for an increased focus on foundational literacy and numeracy with special focus on reading, writing, speaking, counting, arithmetic, and mathematical thinking throughout the preparatory and middle school education. It also suggests for a robust system of continuous, formative/adaptive assessment to track individualized learning and academic progress.

The academic loss due to Covid -19 pandemic has created a huge learning deficit and students are lagging behind in terms of learning outcomes. Learning Outcomes serve as benchmark for students' achievement in each class and subject. The Learning Outcomes for each class in Languages (Hindi, English and Urdu), Mathematics, Environmental Studies, Science and Social Science up to the elementary stage (Class 1 to 8) have been developed by NCERT and adapted by SCERT Delhi.

To bridge the learning gaps caused by the pandemic and to improve learning levels of students, SCERT Delhi has developed worksheets based on learning outcomes for class 3, 5 and 8. The worksheets for classes 3 and 5 have been developed for subjects: Mathematics, Environmental Studies and Languages (Hindi & English) and for class 8 Science, Mathematics, Social Science and Languages (Hindi & English). Each subject has 10 worksheets with 15 MCQs for each worksheet.

These worksheets are provided for practice purpose to improve the competencies of students. These are exemplar and teachers can frame similar worksheets/questions for practice. Guidelines for teachers are also there in each subject booklet to help teachers get better understanding of objectives and content of the worksheets.

It gives me immense pleasure to hand over these worksheets to teachers, our nation builders who are striving and working hard to impart quality education to students. We all as stakeholders need to work collectively to facilitate our students to attain higher order competencies including critical thinking, creativity, problem solving skills so that they are able to meet contemporary needs and can become responsible citizens who can further contribute for national development and be ready to tackle global challenges.

**Dr. Nahar Singh**

Joint Director, SCERT

**Chief Advisor**
Mr. Rajanish Kumar Singh, Director, SCERT Delhi

**Academic Head & Advisor**
Dr. Nahar Singh, Joint Director, SCERT Delhi

**Project Co-Ordinator**
Ms. Raman Arora, Assistant Professor, SCERT, Delhi
Dr. Bindu Saxena, Assistant Professor, SCERT, Delhi

**Workshop Co-Ordinator**
Dr. Bir Singh Rawat, Assistant Professor, SCERT, Delhi

**Development Team**
Dr. Bir Singh Rawat, Assistant Professor, SCERT, Delhi
Dr. Sonu Lal Gupta, Assistant Professor, SCERT, Delhi
Dr. Sarita Assistant Professor,DIET Ghummanhera, Delhi
Ms. Kavita Meena, DIET Ghummanhera, Delhi
Mr. B.P Sharma TGT(N.Sc.), GBSSS No.2, Badarpur, Delhi
Dr. Neeta Verma, PGT, GSV(Co.Ed) SSS, Possangipur, B-1 Janakpuri, Delhi

**Translation Team**
Dr. Sarla Verma, Assistant Professor, NCERT Delhi
Ms. Nisha Jain MT (TGT Hindi), GGSSS, Jhilmil Colony, Delhi
Dr. Rekha Rani Kapoor, Assistant Professor, SCERT, Delhi
Mr. Sharad Sharma Assistant Professor, SCERT, Delhi
Dr.Tapsa Verma Assistant Professor, SCERT, Delhi
Ms. Seema Sexena PGT, GGSSS, Vivek Vihar Phase–II, Delhi

**Vetting Team**
Ms. Harpreet Kaur, MT, GSV(Co.Ed) SSS, Possangipur, B-1 Janakpuri, Delhi
Ms. Prerna Sharma, IASE, Feculty of Education JMI, Delhi
Mr. Brajesh Kumar Jadon, Teacher, EDMC (Primary) School, ‘O’ Block –I Dilshad Garden, Delhi
Ms. Jony Mathew, TGT English, RPVV, Hari Nagar, Delhi
Mr. Shailendra Kumar Sharma, TGT(Drg.) KGSBV, Chirag Enclave, Delhi

**Publication Officer**
Dr. Mukesh Yadav

**Publication Team**
Sh. Navin Kumar
Ms. Radha

**मुद्रकः** ऐजुकेशनल स्टोर्स, एस–5 बुलंदशहर रोड इंडस्ट्रियल एरिया साईट–1 गाजियाबाद (उ.प्र.) द्वारा मुद्रित।

## सीखने के प्रतिफलों पर आधारित पर्यावरण अध्ययन के कार्यपत्रक (कक्षा–5)

**शिक्षकों के लिए दिशानिर्देश–**

1. राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एस.सी.ई.आर.टी.) दिल्ली द्वारा बनाए गए वर्तमान कार्यपत्रक का उपयोग केवल अभ्यास के उद्देश्य से किया जाना चाहिए।
2. सीखने के प्रतिफलों पर आधारित पंद्रह (15) बहुविकल्पीय प्रश्नों (MCQs) के दस (10) कार्यपत्रक हैं।
3. प्रत्येक प्रश्न में चार विकल्प हैं, उनमें से एक सही उत्तर है। छात्रों को निर्देशानुसार सही उत्तर पर (✓) का निशान लगाना है ।

   **उदाहरण के लिए:**

   **एक स्वस्थ व्यक्ति के शरीर का तापमान निम्न में से कौन–सा है?**

   क) 99.0ºF

   ✓ ख) 98.6ºF

   ग) 98.0ºF

   घ) 98.2ºF
4. उत्तर कार्यपत्रक के अंत में दिए गए हैं।
5. शिक्षक के रूप मे आप उत्तर की तर्क के साथ व्याख्या कर सकते हैं ।
6. विद्यार्थियों द्वारा कार्यपत्रक को पूरा करने हेतु शिक्षक विद्यार्थियों को पर्याप्त समय दें।
7. शिक्षक यह सुनिश्चित करें कि प्रत्येक विद्यार्थी कार्यपत्रक को पूरा करे।
8. शिक्षक विद्यार्थियों को प्रश्न का सही उत्तर खोजने में कोई सहायता न करें ।
9. शिक्षको को सलाह दी जाती है कि विद्यार्थियों के अभ्यास के लिए ऐसे और प्रश्नपत्र तैयार करें।
10. शिक्षक सभी विद्यार्थियों की प्रगति का रिकॉर्ड लिखकर रखें और सीखने के प्रतिफलों में सुधार लाने का प्रयास करें।

कार्यपत्रक–1

# पर्यावरण अध्ययन

कक्षा–5

## पाठ 1 : कैसे पहचाना चींटी ने दोस्त को?

**1. निम्नलिखित में से कौन से जानवर अपने मूत्र के द्वारा अपनी हद को चिन्हित करते हैं?**

(क) चीता, कुत्ता (ख) गाय, भैंस (ग) हाथी, गेंडा (घ) भालू, हिरण

**2. "मैं अपनी सूँघने की अति संवेदी क्षमता से अपनी मादा साथी का पता लगा लेता हूँ, फिर चाहे वह कई किलोमीटर दूर भी क्यों न हो।"**

**बताइए मैं कौन हूँ?**

(क) केंचुआ (ख) रेशम का कीड़ा

(ग) साँप (घ) फ़ीताकृमि

**3. शिकारी जंगली जानवरों के शरीर के अंगों के लिए उनको मार देते हैं, जो क़ानूनी रूप से ग़लत है। गेंडे का शिकार उसके ________ के लिए होता है।**

(क) त्वचा (ख) दाँत (ग) कस्तूरी (घ) सींग

**4. रिया ने चींटियों को एक सीधी कतार में चलते देखा। चींटियाँ ऐसा कर सकती हैं, क्योंकि उनके पास ______________ की बेहतरीन शक्ति है।**

(क) सूँघने (ख) सुनने (ग) स्वाद चखने (घ) देखने

**5. कुछ जानवर कम समय के लिए सोते हैं एवं कुछ जानवर लम्बे समय के लिए सोते हैं।**

**नीचे दिए गए जानवरों के विकल्पों में से उनके सोने की अवधि के आधार पर आरोही क्रम में लगे जानवरों का विकल्प छँटिए–**

(क) गाय, बिल्ली, अजगर, जिराफ़ (ख) जिराफ़, गाय, बिल्ली, अजगर

(ग) बिल्ली, गाय, अजगर, जिराफ़ (घ) अजगर, बिल्ली, जिराफ़, गाय

**6.** **मीना अपने बग़ीचे में बिस्कुट खा रही थी। बिस्कुट के कुछ छोटे टुकड़े नीचे गिर गए, जो चींटियों ने खा लिये। चींटियाँ बिस्कुट तक कैसे पहुँची?**

(क) देखकर (ख) छूकर (ग) सुनकर (घ) सूंघकर

**7.** **अस्मी ने एक पक्षी पर फ़िल्म देखी, जिसमें उस पक्षी ने अपने शिकार को दूर से ही देख लिया।**

**बताइए, वह पक्षी कौन सा था?**

(क) चिड़िया (ख) चील (ग) कबूतर (घ) तोता

**8.** **डॉलफिन एक दूसरे को ___________ के द्वारा सन्देश देती हैं।**

(क) ध्वनि (ख) गंध

(ग) पानी के बुलबुले (घ) विद्युत धारा

## पाठ 2 : कहानी सँपेरों की

**1.** **भारत में कितने प्रकार के ज़हरीले साँप पाए जाते हैं?**

(क) 5 (ख) 2 (ग) 4 (घ) 3

**2.** **बीन पार्टी में लोगों के मनोरंजन के लिए प्रयोग किए जाने वाले ज़्यादातर वाद्य यंत्र किससे बनते हैं?**

(क) सूखे कद्दू से (ख) सूखी घीया (लौकी) से

(ग) सूखे करेले से (घ) सूखे खीरे से

**3.** **सना अपने माता–पिता के साथ किसी सांस्कृतिक कार्यक्रम में गई। वहाँ उसने साँप की मुद्राओं के समान नृत्य देखा। निम्नलिखित में से उसने कौन सा नृत्य देखा?**

(क) भरतनाट्यम (ख) कालबेलिया (ग) कथक (घ) कुचिपुड़ी

**4.** **साँप के काटने की दवा किससे बनती है?**

(क) आँसू (ख) केंचुली (ग) खून (घ) ज़हर

**5.** **उस संगठन का नाम बताइए, जो जानवरों की भलाई के लिए काम करता है।**

(क) पेटा (PETA)

(ख) रेड क्रॉस (Red Cross)

(ग) डबल्यू॰डबल्यू॰एफ़॰ (WWF)

(घ) डबल्यू॰एच॰ओ॰ (WHO)

**6. दी गई तस्वीर ___________ नृत्य को दर्शा रही है।**



(क) कुचिपुड़ी

(ख) कथक

(ग) कालबेलिया

(घ) गिद्दा

**7. साँप के काटने की दवाई उपलब्ध है:**

(क) प्रत्येक सरकारी स्कूल में

(ख) प्रत्येक सरकारी अस्पताल में

(ग) प्रत्येक पुलिस थाने में


(घ) प्रत्येक डाकघर में

कार्यपत्रक–2

# पर्यावरण अध्ययन

**कक्षा–5**

## पाठ 3 : चखने से पचने तक




**1. हम अपनी जीभ से मीठे का स्वाद चखते हैं।**

**दिए गए चित्र को देखकर बताइए कि जीभ के किस भाग से मीठे का स्वाद पता चलता है?**

(क) 1 (ख) 2
(ग) 3 (घ) 4

**2. हमारे पेट में उपस्थित पाचन रस की प्रकृति होती है:**

(क) क्षारीय (ख) अम्लीय (ग) उदासीन (घ) खारा



**3. सीमा तीन साल की दिखती है, परंतु उसकी आयु पाँच साल है। उसके हाथ–पैर पतले और पेट फूला हुआ है। उसके सही विकास के लिए हमें उसे देना चाहिए:**

(क) संतुलित आहार
(ख) बहुत सारा पानी
(ग) चिप्स
(घ) बहुत सारी कोल्ड ड्रिंक

**4. रीटा को उल्टी व दस्त हो गए हैं। उसे इनमें से क्या दिया जाना चाहिए?**

(क) फलों का रस (ख) प्रोटीन शेक
(ग) जीवनरक्षक घोल (ओ॰आर॰एस॰) (घ) मिल्क शेक

**5. जोसेफ खेल के मैदान में लम्बे समय तक अभ्यास करने से थकान महसूस कर रहा है। उसे तुरंत ऊर्जा प्राप्त करने के लिए क्या लेना चाहिए ?**

(क) घी (ख) ग्लूकोज (ग) हरी सब्जियाँ (घ) चना

## पाठ 4 : खाएँ आम बारहों महीने!

**1. रवि दिल्ली में रहता है। वह अपनी दादी माँ के पास कोच्चि जा रहा है। उसकी माँ ने उसे रास्ते के लिए ब्रेड, आम पापड़, उबले चावल और खीर पैक करके दी है।**

**इनके खराब होने के समय को ध्यान में रखते हुए रवि को ये खाने की चीज़ें किस क्रम में खानी चाहिए?**

(क) आम पापड़, उबले चावल, खीर, ब्रेड

(ख) खीर, उबले चावल, ब्रेड, आम पापड़

(ग) उबले चावल, खीर, ब्रेड, आम पापड़

(घ) खीर, ब्रेड, आम पापड़, उबले चावल

**2. सृष्टि अपनी रसोई में रखी ब्रेड पर कुछ हरे धब्बे देखती है। आपके अनुसार क्या हुआ होगा?**

(क) ब्रेड ख़राब हो गई थी।

(ख) उस पर पौधे उगने लगे थे।

(ग) किसी ने उस पर पुदीना डाल दिया था।

(घ) ब्रेड हरे आटे की बनी थी।


**3. रिया के घर में पानी की कमी है। उसे पौधों को कौन सा पानी देना चाहिए?**

(क) बाल्टी में इकट्ठा किया गया बारिश का पानी

(ख) बर्तन धोने के बाद बचा हुआ पानी

(ग) पीने का साफ़ पानी

(घ) कपड़े धोने के बाद बचा हुआ साबुन वाला पानी




**4. करण की माँ एक व्यवसायिक यात्रा पर गई थीं। जब वह वापस आई, तो उसके लिए 'मामिडी तांड्रा' लेकर आईं। वह जिस राज्य में गई थीं, उसे नक़्शे (मानचित्र) में छायांकित किया गया है। इस राज्य का नाम बताइए।**

(क) हिमाचल प्रदेश (ख) मध्य प्रदेश

(ग) आन्ध्र प्रदेश (घ) उत्तर प्रदेश

5. 'मामिडी तांड्रा' बनाने के लिए किस फल का प्रयोग किया जाता है?

(क) संतरा (ख) आम (ग) पपीता (घ) अमरूद

6. गरिमा के चाचा जी गाँव से आए हैं। वह गाँव से गरिमा के परिवार के लिए बहुत सारा हरा धनिया लाए हैं। वह उसे कैसे ताज़ा रख सकती है?

(क) उसे सूखे स्थान पर रखकर (ख) उसे उबाल कर

(ग) उसे पानी में रखकर (घ) उसे नम कपड़े में लपेटकर

## पाठ 5 : बीज, बीज, बीज

1. दी गई तस्वीरों को देखिए। निम्नलिखित में से किस स्थिति में बीज अंकुरित होंगे?

(क) पानी में बीज



(ख) सूखी रुई में बीज



(ग) नम रुई में बीज



(घ) वायु में बीज



2. सर्वप्रथम कॉफी के बीज किस स्थान पर पैदा हुए।

(क) भारत (ख) यूरोप (ग) अमेरिका (घ) अफ्रीका

3. जंगल में बीज फसल उगने की तरह बोये नहीं जाते हैं। वहां बीज बिखरते हैं:

(क) वायु, जल, पक्षियों द्वारा (ख) जल, चूहों, शेरों द्वारा

(ग) वायु, जिराफ, चीता द्वारा (घ) पक्षी, बन्दर, मसहरियों द्वारा

4. विभिन्न पौधों के बीजों के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सत्य है?

(क) सभी पौधों के बीज एक ही आकार के होते हैं।

(ख) सभी पौधों के बीज एक ही आकृति के होते हैं।

(ग) सभी स्वस्थ बीज अंकुरित हो सकते हैं।

(घ) सभी पौधों के बीज दो भागों में बंटे होते हैं।

कार्यपत्रक–3

# पर्यावरण अध्ययन

कक्षा–5

## पाठ 6 : बूँद–बूँद, दरिया–दरिया....

**1. जहां पानी की कमी है वहां पौधों को पानी देने का सबसे उपयुक्त साधन कौन सा है?**

(क) बाल्टी (ख) घड़ा (ग) छिडकाव यंत्र (घ) पाइप


**2. जल संरक्षण को ध्यान में रखते हुए निम्नलिखित में से कौन–सी प्रक्रिया गलत है?**

(क) सब्जियों को धोने के बाद जल को दोबारा प्रयोग करना।

(ख) कार को पाइप से धोना।

(ग) ब्रश करते समय नल को बंद रखना।

(घ) आ. रो. से निकलने वाले अशुद्ध पानी का पौधों के लिए प्रयोग करना।




**3. नक्शे (मानचित्र) को देखिए। जिस राज्य में घड़सीसर झील स्थित है उसे 'X' से चिन्हित किया गया है। राज्य को पहचानिए।**

(क) राजस्थान

(ख) महाराष्ट्र

(ग) केरल

(घ) उड़ीसा

**4. वर्षा जल संग्रहण के संबंध में कौन सा कथन असत्य है?**

(क) जल को एकत्र करना।

(ख) जल का दोबारा उपयोग करना।

(ग) भूमिगत जलस्तर को बढ़ाना।

(घ) जल को शुद्ध करना।

## पाठ 7 : पानी के प्रयोग

**1. जल में न घुलने वाले पदार्थ की पहचान कीजिए।**

(क) नींबू का रस (ख) दूध (ग) तेल (घ) नमक

**2. एल्युमिनियम की फैली हुई पन्नी और एल्युमिनियम की गेंद के रूप में गोल की गई पन्नी को पानी से भरी बाल्टी में डालने पर क्या होगा?**

(क) फैली हुई पन्नी पानी में डूब जाती है तथा गोल की गई पन्नी तैरती रहती है।

(ख) फैली हुई पन्नी तैरती है तथा गोल की गई पन्नी डूब जाती है।

(ग) दोनों पन्नी तैरती रहती हैं।

(घ) दोनों पन्नी डूब जाएंगी।

**3. चीनी तेजी से घुलती है–**

(क) गर्म पानी में (ख) ठंडे पानी में

(ग) समुद्री पानी में (घ) नल के सामान्य पानी में

**4. पानी में तैरने वाले जोड़े को पहचानिए।**

(क) लोहे की कील, पंख (ख) पंख, पत्थर

(ग) थर्माकोल, कागज की नाव (घ) बोतल का ढक्कन, पिन

## पाठ 8 : मच्छरों की दावत?

**1. मेरी पड़ोसी मीना स्वस्थ महसूस नहीं कर रही है उसे तेज बुखार, मांसपेशियों और जोड़ों में दर्द, त्वचा पर चकत्ते तथा सर में दर्द है। वह ________ से पीड़ित है।**

(क) मलेरिया (ख) चिकनगुनिया (ग) डेंगू (घ) टाइफाइड

**2. किस मच्छर के काटने से मलेरिया होता है?**

(क) एडिसएजिप्ती (ख) एडीजएल्बोपिक्ट्स

(ग) मादा एनाफिलीज (घ) मनसोनिया

**3. आप मच्छरों को प्रजनन करने से कैसे रोक सकते हैं?**

(क) छीकते समय मुंह को ढक्कर

(ख) रुके हुए पानी पर मिट्टी का तेल छिड़ककर

(ग) आधी बाजू की कमीज पहनकर

(घ) अपने हाथो को लगातार धोते रहकर

**4.** **सिनकोना पेड़ की/के ___________ का उपयोग मलेरिया की दवाई बनाने में किया जाता है:**

(क) छाल (ख) पत्तियों (ग) जड़ (घ) फूल


**5.** **गुनगुन 12 वर्ष की एक रक्ताल्पता से ग्रसित बालिका है। डॉक्टर ने उसे लोह तत्व प्रदान करने वाले भोजन जैसे कि ......... खाने की सलाह दी।**

(क) मूंगफली (ख) पालक (ग) अंडा (घ) आलू

**6.** **___________ का उपयोग किसी व्यक्ति में एनीमिया का पता लगाने के लिए किया जाता है**

(क) खून की जॉच (ख) एक्स–रे (ग) मूत्र जॉच (घ) त्वचा की जॉच

**7.**




**ये चित्र हमें ................ का प्रजनन रोकने के तरीके बताते है:**

(क) कोकरोच (ख) मक्खी (ग) मच्छर (घ) मधुमक्खी

कार्यपत्रक–4

# पर्यावरण अध्ययन

कक्षा-5

## पाठ 9 : डायरीः कमर सीधी, ऊपर चढ़ो!

**1. पर्वतारोहण के दौरान कौन सी वस्तुएँ ताक़त और शरीर को गरम रखने के लिए दी जाती हैं?**

(क) विटामिन A की गोलियाँ, कैल्शियम की गोलियाँ और ठंडा दूध

(ख) विटामिन C की गोलियाँ, आयरन की गोलियाँ और गरम दूध

(ग) विटामिन B की गोलियाँ, विटामिन D की गोलियाँ और जूस

(घ) विटामिन A की गोलियाँ, विटामिन E की गोलियाँ और सूप

**2. पर्वतारोहण के दौरान ग्रुप लीडर की बड़ी ज़िम्मेदारी है–**

(क) जो सदस्य ठीक से नहीं चढ़ पा रहे, उनकी मदद करना

(ख) जो सदस्य ठीक से नहीं बढ़ पा रहे, उनको पीछे छोड़ना

(ग) बिना रस्सी के चढ़ने के लिए समूह को प्रोत्साहित करना

(घ) सदस्यों की यात्रा के लिए पैसों का प्रबंध करना

**3. पर्वतारोहण के दौरान टेंट (तम्बू) बनाने के लिए प्लास्टिक की दो तह वाली शीट का प्रयोग क्यों किया जाता है?**

(क) टेंट की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए

(ख) टेंट की तह के बीच की हवा से पर्वतारोही को गरम रखने के लिए

(ग) टेंट को हल्का बनाने के लिए

(घ) टेंट को सुंदर बनाने के लिए

**4. निम्नलिखित में से पर्वतारोहियों को साँस लेने में कौन सा सिलेंडर मदद करता है?**

(क) कार्बनडाईऑक्साइड सिलेंडर (ख) ऑक्सीजन सिलेंडर

(ग) हाइड्रोजन सिलेंडर (घ) नाईड्रोजन सिलेंडर

**5. पिट–ऑन और स्लिंग उपयोगी हैं:**

(क) नाचने में (ख) स्केटिंग में (ग) पर्वतारोहण में (घ) स्कीइंग में

## पाठ 10 : बोलती इमारतें

**1. गोलकोंडा किला किसके शासनकाल में बनाया गया था?**

(क) लोदी वंश (ख) ख़िलजी वंश (ग) तुग़लक़ वंश (घ) काकतीय वंश

**2. पत्थर और लकड़ी को काटने और उससे डिज़ाइन बनाने को क्या कहा जाता है?**

(क) पेंटिंग (चित्रकारी) (ख) ड्रॉइंग (रेखाकारी)

(ग) कार्विंग (नक़्क़ाशी) (घ) एंग्रेविंग (उकेरना)

**3. 'तोप' का अर्थ क्या है?**

(क) बड़ी बंदूक़ (ख) खिलौने वाली बंदूक़

(ग) ड्रम (घ) एक तरह की तलवार

**4. क़िले के किस भाग को बुर्ज कहा जाता है?**

(क) मक़बरा (ख) गढ़ (ग) द्वार (घ) दीवार

**5. क़िले की रक्षा के लिए प्रयुक्त बड़ी बंदूक़ को क्या कहा जाता है?**

(क) राइफ़ल (ख) टैंक (ग) तोप (घ) तलवार

**6. शिल्पकार पत्थरों की नक़्क़ाशी के लिए कौन से औज़ार का प्रयोग करते हैं?**


(क) तलवार और चाकू

(ख) कुल्हाड़ी और हथौड़ी

(ग) छेनी और हथौड़ी

(घ) आरी और लकड़ी का हथौड़ा

नीरव कहानियों की किताब पढ़ रहा था। इस किताब में उसने बिंद्रा किले का एक मानचित्र देखा। मानचित्र को ध्यान से देखिए और प्रश्न संख्या 7–10 के उत्तर दीजिये




7. किले की बाहरी दीवार आप कितने द्वार देखते हैं?

(क) 8 (ख) 7 (ग) 9 (घ) 6

8. किले में कितनी बावली हैं?

(क) 5 (ख) 4 (ग) 7 (घ) 6

9. किले में कितने महल हैं?

(क) 2 (ख) 3 (ग) 1 (घ) 4

10. यदि आप 'पुराना दरवाजा' से घुसते हैं तो अकर बावली आपकी किस दिशा में है?

(क) पूर्व (ख) पश्चिम (ग) उत्तर (घ) दक्षिण

कार्यपत्रक–5

# पर्यावरण अध्ययन

कक्षा–5

## पाठ 11 : सुनीता अंतरिक्ष में

**1. पृथ्वी अंतरिक्ष से दिखाई देती है;**

(क) चपटी (ख) बेलनाकार (ग) गोलाकार (घ) वृत्ताकार

**2. अंतरिक्ष यात्रियों के लिए अंतरिक्ष में सबसे बड़ी चुनौती है–**

(क) दैनिक क्रियाकलाप करने में

(ख) आकाशीय पिंडों का सामना करने में

(ग) अकेलेपन से जूझने में

(घ) साथी अंतरिक्ष यात्रियों से बातचीत में

**3. अंतरिक्ष यात्रा करते समय सुनीता विलियम्स के बाल खड़े थे क्योंकिः–**

(क) वह कभी बाल नहीं संवारती थी।

(ख) अंतरिक्ष में डर रही थी।

(ग) अंतरिक्ष में ऑक्सीजन नहीं थी।

(घ) वहां गुरुत्व बल का प्रभाव नहीं था।

**4. निम्न में से कौन सी गतिविधि अंतरिक्ष यान में कर सकते हैं?**

(क) खाने की मेज पर भोजन करना (ख) गिलास से पानी पीना

(ग) गेंद से खेलना (घ) सीधे चलना

**5. सुनीता विलियम्स अंतरिक्ष में चेहरा साफ करती थीः**

(क) बोतल उल्टा करके

(ख) बुलबुलों को पकड़कर उनसे काग़ज गीला करके

(ग) तरल साबुन का प्रयोग करके

(घ) बाल्टी का प्रयोग करके

**6. राहुल को प्रतिदिन रात में छत से झिलमिलाते तारों और चाँद को देखना पसंद है। एक दिन उसे तारे दिखाई दिए लेकिन चाँद नहीं दिखा। 15 वे दिन उसे आकाश कैसा दिखाई देगा?**

(क) 

(ख) 

(ग) 

(घ) 

**7. निशा ने ग्लोब को देखा और पाया कि इस पर रेखाऐ एवं खंड बने है। सोचकर बताइए कि अंतरिक्ष से पृथ्वी कैसी दिखाई देती है?**

(क) देशों को विभाजित करने वाली रेखाएं दिखाई देती हैं।

(ख) समुंद्र एवं धरती दिखाई देती है।

(ग) अलग–अलग रंगों के देश दिखाई देते हैं।

(घ) केवल समुद्र दिखाई देता है।

## पाठ 12 : खत्म हो जाए तो...?

**1. नीचे दिए गए ईंधनों में से कौन सा ईंधन पर्यावरणके लिए सर्वाधिक अनुकूल है?**

(क) सी. एन. जी. (ख) पेट्रोल (ग) कोयला (घ) डीजल

**2. जमीन से निकलने वाला गंध युक्त गाढ़ा एवं काले रंग का तरल पदार्थ जिसे पेट्रोलियम कहा जाता है, को कहाँ शोधित किया जाता है ?**

(क) कलकारखाना (ख) पेट्रोल पंप

(ग) रेफ़ाइनरी (घ) सी. एन. जी. स्टेशन

**3. ग्रामीण भारत में सामान्यतः भोजन बनाने के लिए किस ईंधन का प्रयोग किया जाता था?**

(क) पेट्रोल (ख) एल. पी. जी. (ग) डीजल (घ) उपले

4. **हमें ईंधन की बचत करनी चाहिए क्योंकि:**


(क) यह भारत में उपलब्ध नहीं है।

(ख) ईंधन की बचत करने की आवष्यकता नहीं है।

(ग) ईंधन के भंडार सीमित हैं और इन्हें बनने में लम्बा समय लगता है।

(घ) ईंधन के भंडार असीमित हैं और इन्हें बनने में लम्बा समय लगता है।

5. **इनमें से किसका प्रयोग प्लास्टिक और पेंट बनाने में किया जाता है?**




(क) पेट्रोलियम (ख) कोयला (ग) मोम (घ) एल. पी. जी.

**पोस्टर को ध्यान से देखिये और प्रश्न संख्या 6 व 7 के उत्तर दीजिये।**

6. **यह दर्शाता है– पेट्रोल अनंत समय तक नहीं चलेगा। ऐसा इसलिए है क्योंकि:**

(क) यह वाष्पित हो जायेगा।

(ख) इसके भंडार सीमित हैं।

(ग) यह बहुत महंगा है।


(घ) यह अपने आप जल जायेगा।

7. **इस पोस्टर में क्या सन्देश दिया जा रहा है?**

(क) पेट्रोल महंगा है। (ख) जल बचाएं।

(ग) पेट्रोल का अधिक उपयोग करें। (घ) पेट्रोल बचाएं।

8. **पेट्रोल बचाने के लिए हमें चाहिएः**



(क) हॉर्न बजाना

(ख) लाल बत्ती पर गहन का इंजन बंद करना

(ग) वाहन का इंजन हमेशा चालू रखना

(घ) कार को रोजाना धोना

कार्यपत्रक–6

# पर्यावरण अध्ययन

कक्षा–5

## पाठ 13 : बसेरा ऊँचाई पर

**1. ठंडे रेगिस्तान में आप किस प्रकार की जलवायु पाते हैं?**

(क) ठंडी और गीली (ख) ठंडी और आर्द्र

(ग) गर्म और शुष्क (घ) ठंडी और शुष्क

**2. भारत में लेह जैसे ठंडे रेगिस्तान में आप किस प्रकार की वनस्पति पाते हैं?**

(क) घास (ख) मैंग्रोव (ग) सदाबहार वृक्ष (घ) पर्णपाती वृक्ष

**3. 'चांगपा' जनजाति के लोग पश्मीना ऊन प्राप्त करते हैं:**

(क) भेड़ से (ख) ऊँट से (ग) बकरी से (घ) याक से

**4. भारत की एक जनजाति पश्मीना ऊन प्राप्त करने के लिए चांगथांगी बकरियों को पालने के लिए प्रसिद्ध है। उस जनजाति का क्या नाम है?**

(क) टोडा (ख) चांगपा (ग) चेंचू (घ) ज़ारवा

**5. ठंडे रेगिस्तानों में ऊँची जगहों पर बकरियों के बाल ____________ होते हैं।**

(क) घने (ख) पतले (ग) नरम (घ) सख्त

**6. ढलवाँ छतों वाले घर ____________ में पाए जाते हैं।**

(क) रेगिस्तानी इलाक़ों (ख) पहाड़ी इलाक़ों

(ग) मैदानों (घ) तटीय इलाक़ों

**7. चांगपा जनजाति .................... में रहती है।**

(क) शंक्वाकार टेंट (ख) इग्लू (ग) हॉउसबोट (घ) पैरबांसाघर

**8. दिल्ली से एक व्यक्ति लेह के पहाड़ों में जाता है। उसे ______________ के कारण साँस लेने में तकलीफ़ होती है।**

(क) ऑक्सीज़न के उच्च स्तर (ख) ऑक्सीज़न के निम्न स्तर

(ग) तिरछी ढलानों (घ) अत्यधिक ठंड

## पाठ 14 : जब धरती काँपी

1. **भूकम्प के दौरान क्या होता है?**
   (क) भारी वर्षा (ख) धरती का हिलना
   (ग) तूफ़ान आना (घ) बादलों का फटना

2. **भूकम्परोधी घर का डिजाइन बनाने में हमारी मदद कौन करता है?**
   (क) मिस्त्री (ख) इंजीनियर (ग) ठेकेदार (घ) प्लम्बर

3. **भूकम्प के दौरान आप अपनी रक्षा कैसे करेंगे?**
   (क) एक कमरे में इकट्ठे होकर (ख) अलग अलग कमरों में जाकर
   (ग) घर से बाहर खुले में जाकर (घ) कम्बल से शरीर को ढक कर

4. **भूकम्परोधी घर बनाने से ____________________।**
   (क) नुक़सान को कम किया जा सकता है
   (ख) भूकम्प को रोका जा सकता है
   (ग) भूकम्प को कम किया जा सकता है
   (घ) नुक़सान को समाप्त किया जा सकता है

5. **भूकम्प की तीव्रता को मापने के लिए ____________________ यंत्र का प्रयोग किया जाता है।**
   (क) क्रेस्कोग्राफ (ख) टेलीग्राफ़
   (ग) सिस्मोग्राफ (घ) सूक्ष्मदर्शी (माइक्रोस्कोप)

6. **भूकम्प प्रभावित क्षेत्रों के लोगों की मदद के लिए सबसे पहले किस संस्था के लोग जाते हैं?**
   (क) बैंक (ख) अस्पताल (ग) डाकघर (घ) रेलवे

7. **सूखा पड़ने का मुख्य कारण ____________________ है।**
   (क) शुष्क हवाएँ (ख) कम आर्द्रता
   (ग) भारी वर्षा (घ) वर्षा का कम होना

कार्यपत्रक–7

# पर्यावरण अध्ययन

कक्षा–5

## पाठ 15 : उसी से ठंडा उसी से गर्म

1. **साँस लेने के दौरान छाती ______________ है।**

(क) फूलती (ख) सिकुड़ती


(ग) काँपती (घ) पहले जैसे रहती

2. **दर्शाए गए चित्रों में से कौन सा वाद्ययंत्र हवा में कम्पन पर आधारित है?**

(क) गिटार



(ख) ढोलक



(ग) वीण



(घ) वॉयलिन



3. **गर्म हवा ____________ की ओर बहती है और ठंडी हवा ____________ की ओर बहती है।**

(क) नीचे, ऊपर (ख) ऊपर, ऊपर (ग) नीचे, नीचे (घ) ऊपर, नीचे

4. **रमन तेज गति से सीढियाँ चढ़ता है। उसकी __________**

(क) धड़कन और साँस दोनों बढ़ जाएंगी। (ख) धड़कन और साँस दोनों कम हो जाएगी।

(ग) केवल धड़कन बढ़ जाएगी। (घ) केवल साँस बढ़ जाएगी।

**5. व्यायाम और शारीरिक कार्य के दौरान हमारी ऑक्सीजन की आवश्यकता ____________**

(क) कम हो जाती है। (ख) बढ़ जाती है।


(ग) पहले जैसी रहती है। (घ) अनियमित हो जाती है।

**6. चित्रों में दिखाए गए वाद्य यंत्रों में से किस यंत्र से ठंडी हवा निकलती है?**

(क) गिटार



(ख) सितार



(ग) वॉयलिन



(घ) बाँसुरी



**7. डॉक्टर आपकी धड़कन ____________ के द्वारा सुनता है।**

(क) टेलिस्कोप (दूरबीन)



(ख) माइक्रोस्कोप (सूक्ष्मदर्शी)



(ग) स्टेथोस्कोप



(घ) थर्मामीटर



**8.** **सर्दियों में चश्मे की सतह हवा में उपस्थित ________ के कारण धुँधली हो जाती है।**



(क) कार्बनडाईऑक्साइड (ख) धूल कणों

(ग) ऑक्सीजन (घ) नमी

## पाठ 16 : कौन करेगा यह काम?

**1.** **सभी काम समान रूप से महत्वपूर्ण है। इसका अर्थ है –**

(क) सभी प्रकार की नौकरियों के लिए समान वेतन का होना।

(ख) विभिन्न लोग सभी काम अपने आप करते हैं।

(ग) सभी कामों का समान महत्व है।

(घ) सभी प्रकार की नौकरियों के लिए अलग वेतन का होना।

**2.** **काम के आधार पर भेदभाव एक ________________ मुद्दा है।**

(क) प्राकृतिक (ख) सामाजिक (ग) कानूनी (घ) आर्थिक

**3.** **पुराने समय में (वर्तमान में ऐसा नहीं है) व्यवसाय ____________ से सीधे संबंधित था।**

(क) धर्म (ख) जन्म वर्ष (ग) जाति (घ) त्वचा का रंग

**4.** **'खुले में शौच से मुक्ति' अभियान __________ से संबंधित है।**

(क) शौचालयों का निर्माण

(ख) घरों का निर्माण

(ग) सांझे स्नान घरों का निर्माण

(घ) सामुदायिक घरों का निर्माण

**5.** **गांधीजी और उनके साथियों ने सफाई का काम शुरू किया, क्योंकि–**

(क) उन्हें सफाई का काम करना पसंद था।

(ख) वे सभी कार्यों को समान आदर से देखते थे।

(ग) सफाई का काम करके वे ज्यादा सम्मान पा सकते थे।

(घ) सफाई का काम करने के लिए कोई और तैयार नहीं था।

**6.** **पिछले कुछ वर्षों में समाचार पत्रों में यह खबर आई कि कुछ सफाई कर्मचारियों की सीवर की सफाई के दौरान मृत्यु हो गई। उनकी मृत्यु का कारण है:**

(क) गटर में डूबना (ख) दम घुटना

(ग) कूड़े–कचरे का गिरना (घ) ठंड

**7.** **ऋचा के घर में चोरी हो गई है. उसे इसकी रिपोर्ट करने के लिए कहाँ जाना चाहिए?**

(क) पुलिस थाना (ख) डाक घर (ग) बैंक (घ) अस्पताल

# पर्यावरण अध्ययन

**कक्षा–5**

## पाठ 17 : फाँद ली दीवार

1. **हमारा राष्ट्रीय खेल ...................... है।**

(क) क्रिकेट (ख) वॉलीबॉल (ग) बास्केट बॉल (घ) हॉकी

2. **आफरीन का भाई अपने दोस्तों के साथ किकेट खेल रहा था। आफरीन भी उनके साथ खेलना चाहती थी परंतु उसकी दादी ने कहा, ''किक्रेट सिर्फ लड़कों के लिए है।'' आज के संदर्भ में इस स्थिति के लिए सही कथन का चुनाव कीजिए:**

(क) लड़कियों को क्रिकेट नहीं खेलना चाहिए।

(ख) लड़कियाँ घायल हो सकती हैं।

(ग) लड़कियाँ और लड़के दोनों ही क्रिकेट खेल सकते हैं।

(घ) क्रिकेट लड़कियों का खेल नहीं है।

3. **सही कथन का चुनाव कीजिए :**

**(1) लड़कियों और लड़कों के अधिकार समान हैं।**

**(2) समाज में लड़कों का सामाजिक दर्जा (प्रस्थिति) ऊंचा है।**

**(3) लड़के एवं लड़कियों दोनों का आधुनिक समाज में समान सम्मान है।**

(क) 1 व 2 (ख) 2 व 3 (ग) 1 व 3 (घ) केवल 1

4. **लड़कियों एवं लड़कों को __________ में समान अवसर दिया जाना चाहिए।**

(क) केवल खेलों में (ख) केवल घर में

(ग) केवल विद्यालय में (घ) प्रत्येक क्षेत्र में

## पाठ 18 : जाएँ तो जाएँ कहाँ

1. **ग्रामीण लोगों का मुख्य व्यवसाय ____________ है।**

   (क) खेती–बाड़ी (ख) सिलाई (ग) रंगाई–पुताई (घ) भवन निर्माण

2. **नदियों पर बांध .................... के लिए बनाए जाते हैं।**

   (क) आवास प्रदान करने (ख) भूकंप रोकने

   (ग) बिजली बनाने (घ) वनों के विकास

3. **जेनी अपने परिवार के साथ गांव में रहती है। इस साल गांव में अकाल पड़ा जिसके कारण वहां कोई काम–धंधा नहीं था। इस परिस्थिति में जेनी के परिवार को क्या करना चाहिए ?**

   (क) सरकारी सहायता की प्रतीक्षा

   (ख) अकाल के समाप्त होने का इंतजार करना

   (ग) कुंआ खोदना

   (घ) काम धंधे के लिए नजदीकी स्थानों की ओर प्रवसन

4. **लोग गांव से शहर की ओर ..................... के लिए प्रवास करते हैं।**

   (क) शांत और आरामदायक जीवन (ख) अच्छे भविष्य और रोजगार

   (ग) प्रकृति के समीप आने (घ) खेती बाड़ी करने

5. **रोहन का परिवार हाल ही में शहर आया है। सही कथन का चुनाव कीजिए।**

   (क) शहर गांव से अधिक भीड़–भाड़ वाला है।

   (ख) शहर में सड़कों के किनारे फलदार पेड़ हैं।

   (ग) शहर में जल आपूर्ति पर्याप्त है।

   (घ) शहर में आवागमन की सुविधा नहीं है।

6. **नदियों पर बांध बनाने से निम्नलिखित में से कौन सी परिस्थिति उत्पन्न होतीहै?**

   (क) बाँध के आसपास बड़े शहरों का बसना

   (ख) बाँध के आसपास फसलों का उगाना

   (ग) बाँध के आसपास दवाई की फैक्ट्री लगाना

   (घ) बाँध के आसपास बसे लोगों का विस्थापन

## पाठ 19 : किसानों की कहानी—बीज की जुबानी

1. **चित्रों को देखिए तथा उचित क्रम में व्यवस्थित विकल्प को छाँटिए—**




(क) 1, 2, 3, 4 (ख) 2, 3, 4, 1 (ग) 3, 4, 1, 2 (घ) 4, 1, 2, 3

2. **बाजरे के दानों से आटा कैसे बनाते हैं?**

(क) दानों को गूँथकर लोई बनाने से (ख) दानों को चक्की में पीसकर

(ग) दानों को पानी में भिगोकर (घ) दानों को छलनी से छानकर

3. **एक किसान ने अपने खेत में कपास उगाई। उसका परिवार कपास से कपड़ा बनाना चाहता है। वे कपास की कताई करेंगे:**

(क) चरखे से (ख) रहट से (ग) कोल्हू से (घ) चक्की से

4. **फसलों को रोगों से बचाया जा सकता है:**

(क) नए बीज बोकर

(ख) दवाइयाँ छिड़क कर

(ग) खेत में रासायनिक खाद डाल कर

(घ) जुताई के लिए ट्रैक्टर का उपयोग करके

5. **केंचुए को किसानों का मित्र कहा जाता है क्योंकि ____________**

(क) यह खरपतवार को समाप्त करता है।

(ख) यह चूहों को मार देता है।

(ग) यह बुवाई में मदद करता है।

(घ) यह मृदा की उर्वरकता में सुधार लाता है।

कार्यपत्रक–9

# पर्यावरण अध्ययन

कक्षा–5

## पाठ 20 : किसके जंगल?

1. झारखंड, भारत के मानचित्र में ______________ दिशा में स्थित है।




(क) उत्तर (ख) दक्षिण (ग) पूर्व (घ) पश्चिम

2. **निम्नलिखित में से कौन–सा कथन झूम खेती के बारे में सत्य है?**

(क) ज़मीन की तुरंत जुताई

(ख) बीजों को ज़मीन में तुरंत डालना

(ग) ज़मीन को कुछ साल तक यूँ ही छोड़ देना

(घ) खरपतवार तथा दूसरे अवांछित पौधे हटाना

3. **पहाड़ों पर किस प्रकार की जलवायु होती है?**

(क) ठंडी और शुष्क (ख) ठंडी और आर्द्र

(ग) गर्म और शुष्क (घ) गर्म और आर्द्र

4. **राकेश ने फ़ोटो एल्बम में नीचे दिए गए चित्रों को देखा। यह किस राज्य/केंद्रशासित प्रदेश से सम्बंधित है?**







(क) जम्मू–कश्मीर (ख) दिल्ली (ग) तमिलनाडु (घ) राजस्थान

5. **राबिया अपने शीतक़ालीन अवकाश में बर्फ़ देखना चाहती है। नीचे दिए गए स्थानों में से वह किस स्थान पर जा सकती है?**

(क) समुद्र तट पर



(ख) लद्दाख के पहाड़ों पर



(ग) रेगिस्तान में



(घ) नदी



**6.** **निम्नलिखित में से कौन एवरेस्ट पर चढ़ने वाली प्रथम महिला है?**

(क) किरण बेदी (ख) बछेंद्री पाल (ग) सानिया मिर्ज़ा (घ) मेरी कॉम

## पाठ 21 : किसकी झलक? किसकी छाप?

**1.** **मेरी बहन मेरी मौसी की तरह दिखती है। यह गुण है:**

(क) अर्जित गुण (ख) पारिवारिक गुण

(ग) साथियों से सीखा हुआ गुण (घ) खेलने से सीखा हुआ गुण

**2.** **नीचे दिए गुणों में से कौन सा एक गुण अन्य से भिन्न है?**

(क) आँखों का रंग (ख) त्वचा का रंग

(ग) बालों का रंग (घ) झुकी हुई कमर की हड्डी

**3.** **गीता और नीता एक जैसे दिखने वाले जुड़वाँ अलग–अलग स्थानों पर पले–बड़े हुए हैं। उनको अलग कैसे पहचाना जा सकता है?**

(क) आँखों के रंग से (ख) भाषा से

(ग) त्वचा के रंग से (घ) कद से

**4.** **एक चूहे की पूँछ अचानक कट जाती है। उसकी अगली पीढ़ी के लिए दिए गए विकल्पों में से क्या सही होगा?**

(क) अगली पीढ़ी की पूँछ सामान्य से लम्बी होगी।

(ख) अगली पीढ़ी की पूँछ सामान्य से छोटी होगी।

(ग) अगली पीढ़ी की पूँछ ही नहीं होगी।

(घ) अगली पीढ़ी की पूँछ सामान्य होगी।

**5.** **मेरा मित्र पोलियो से ग्रसित है। उसकी आने वाली पीढ़ी पर इसका क्या प्रभाव पड़ेगा?**

(क) उसका बेटा पोलियो से ग्रसित होगा।

(ख) उसकी बेटी पोलियो से ग्रसित होगी।

(ग) बेटा–बेटी दोनों ही पोलियो ग्रसित होंगे।

(घ) कोई भी संतान पोलियो ग्रसित नहीं होगी।

**6. 'दो बूँद ज़िंदगी की', यह नारा किस रोग की रोकथाम के लिए है?**

(क) टी॰बी॰ (तपेदकि) (ख) पोलियो

(ग) मलेरिया (घ) कैंसर

## पाठ 22 : फिर चला काफ़िला

**1. रमेश एक किसान है, जो अपने जीवनयापन के लिए खेत में काम करता है। उसे बीज और खेती का सामान ख़रीदने के लिए पैसों की आवश्यकता है। वह किससे क़र्ज़ा ले सकता है?**

(क) ग्राम पंचायत (ख) डाकघर (ग) बैंक (घ) दुकानदार

**2. एक व्यक्ति जिसे ड्रग लेने की लत है। उसके लिए आप क्या करेंगे?**

(क) उसकी काउन्सलिंग (परामर्श) करेंगे। (ख) उससे नहीं बोलेंगे।

(ग) उसे नजर अंदाज करेंगे। (घ) उससे अलग हो जाएँगे।

**3. जहाँ बारिश कम होती है, वहाँ आप सिंचाई के लिए अपनाएँगेः**

(क) बाढ़ विधि (ख) छिड़काव विधि

(ग) उथलाकुआँ (घ) पाइप

कार्यपत्रक–10

# पर्यावरण अध्ययन

**कक्षा-5**




**1. शीना देखती है कि कुछ लोग स्मारकों की दीवारों पर अपना नाम लिख देते हैं। वह दुखी है क्योंकि–**

(क) स्मारक गंदे हो रहे हैं।

(ख) उसके लिखने के लिए जगह नहीं बची।

(ग) लोगों को पुरस्कार मिलेगा, परंतु उसे नहीं।

(घ) चौकीदार उसे पकड़ लेगा।

**2. विशाल एक ऐसी जगह घूमने गया जहाँ ऐतिहासिक चीज़ें जैसे तलवार, आभूषण, बर्तन आदि प्रदर्शित थे। वह कहाँ घूमने गया था?**

(क) संग्रहालय (ख) विद्यालय (ग) अस्पताल (घ) डाकघर

**3. पक्षियों और जानवरों को पिंजरे में रखना ________________ है।**



(क) अच्छा

(ख) मजेदार

(ग) अत्याचार

(घ) आवश्यकता

**4. नीचे दी गई गतिविधियों में से जल संरक्षण में सहायक गतिविधि को चुनिए–**

(क) फुहारे से नहाना



(ख) वाहनों को पाइप से धोना



(ग) नल खुला छोड़कर दाँत साफ़ करना



(घ) आर. ओ. के व्यर्थ पानी को पौधों में डालना



**5. यदि आप लाल बत्ती पर कार का इंजन बंद कर देंगे तो क्या होगा?**


(क) यात्रा में देर हो जायेगी।

(ख) ईंधन की ज्यादा खपत होगी।

(ग) ईंधन की बचत होगी।

(घ) ईंधन से ज्यादा प्रदूषण होगा।

**6. दिए गए चित्र में अलग–अलग इलाक़ों में अलग–अलग तरह के घर हैं। घरों का प्रकार प्रायः ________________ पर निर्भर करता है।**



(क) जलवायु

(ख) व्यवसाय

(ग) जल की उपलब्धता

(घ) लोगों के कद (ऊँचाई)

**7. लेह के लोग अपनी भेड़, बकरियों को ________________ में रखते हैं।**

(क) रेबो (ख) इग्लू (ग) लेखा (घ) अस्तबल

**8. आस–पड़ोस के लोग ________________ के लिए इकट्ठे रहते हैं।**

(क) शादी (ख) प्रतियोगिता

(ग) सहयोग (घ) द्वंद्व / लड़ाई–झगड़ा

**9. अकाल के दौरान ________________ की कमी हो जाती है।**

(क) भोजन (ख) शुद्ध वायु (ग) दवाइयाँ (घ) समुद्री जल

**10. क्या होगा यदि पास के जंगलों को काट कर साफ़ कर दिया जाए?**

(क) जानवरों का आवास नष्ट हो जाएगा।

(ख) प्रदूषण घट जाएगा।

(ग) ऑक्सीजन का स्तर बढ़ जाएगा।

(घ) जंगली जानवरों के भोजन की उपलब्धता बढ़ जाएगी।

**11. आदिवासियों के लिए जंगल महत्त्वपूर्ण होते हैं क्योंकि–**

1. उनसे दवाइयाँ और भोजन प्राप्त होता है।
2. उनसे आवास और कच्चा माल प्राप्त होता है।
3. उनसे शिक्षा का बोझ नहीं पड़ता है।

**सही विकल्प का चुनाव कीजिए–**

(क) 1 और 2 (ख) 2 और 3 (ग) केवल 1 (घ) केवल 3

**12. रेखा ने अपनी पर्यावरण अध्ययन कक्षा में चिपको आंदोलन के बारे में पढ़ा। यह आंदोलन किससे सम्बंधित है?**

(क) जनजातियों को बचाने से (ख) जानवरों को बचाने से

(ग) नदियों को बचाने से (घ) पेड़ों को बचाने से

**13. चंद्रपाल, जो एक आदिवासी है, बांस की टोकरी बनाना चाहता है। वह इसके लिए कच्चे माल की व्यवस्था कहाँ से कर सकता है ?**

(क) बाज़ार (ख) जंगल

(ग) घर (घ) सरकारी कार्यालय

**14. तुमने बहुत सारे लोगों को अलग–अलग काम करते देखा होगा। एक मिस्त्री क्या काम करता है?**

(क) कूड़ा कचरा इकट्ठा करता है। (ख) घर की सफाई करता है।

(ग) जूतों की मरम्मत करता है। (घ) घर बनाता है।

**15. स्वच्छ भारत अभियान ___________ की जयंती पर शुरू किया गया**

(क) राजा राम मोहन रॉय (ख) महात्मा गाँधी

(ग) सुभाष चन्द्र बोस (घ) डॉ. राजेंद्रप्रसाद

# पर्यावरण अध्ययन

कक्षा–5

## उत्तरकुंजी

| Questions | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कार्यपत्रक–1 | | | | | | | | | | |
| पाठ–1 | क | ख | घ | क | ख | घ | ख | क | | |
| पाठ–2 | ग | ख | ख | घ | क | ग | ख | | | |
| कार्यपत्रक–2 | | | | | | | | | | |
| पाठ–3 | घ | ख | क | ग | ख | | | | | |
| पाठ–4 | ख | क | क | ग | ख | घ | | | | |
| पाठ–5 | ग | घ | क | ग | | | | | | |
| कार्यपत्रक–3 | | | | | | | | | | |
| पाठ–6 | ग | ख | क | घ | | | | | | |
| पाठ–7 | ग | ख | क | ग | | | | | | |
| पाठ–8 | ख | ग | ख | क | ख | क | ग | | | |
| कार्यपत्रक–4 | | | | | | | | | | |
| पाठ–9 | ख | क | ख | ख | ग | | | | | |
| पाठ–10 | घ | ग | क | ख | ग | ग | घ | घ | क | ग |

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **कार्यपत्रक–5** | | | | | | | | | | |
| **पाठ–11** | ग | क | घ | ग | ख | घ | ख | | | |
| **पाठ–12** | क | ग | घ | ग | क | ख | घ | ख | | |
| **कार्यपत्रक–6** | | | | | | | | | | |
| **पाठ–13** | घ | क | ग | ख | ग | ख | क | ख | | |
| **पाठ–14** | ख | ख | ग | क | ग | ख | घ | | | |
| **कार्यपत्रक–7** | | | | | | | | | | |
| **पाठ–15** | क | ख | घ | क | ख | घ | ग | घ | | |
| **पाठ–16** | ग | ख | ग | क | ख | ख | क | | | |
| **कार्यपत्रक–8** | | | | | | | | | | |
| **पाठ–17** | घ | ग | ग | घ | | | | | | |
| **पाठ–18** | क | ग | घ | ख | क | घ | | | | |
| **पाठ–19** | ग | ख | क | ख | घ | | | | | |
| **कार्यपत्रक–9** | | | | | | | | | | |
| **पाठ–20** | ग | ग | क | क | ख | ख | | | | |
| **पाठ–21** | ख | घ | ख | घ | घ | ख | | | | |
| **पाठ–22** | ग | क | ख | | | | | | | |
| **कार्यपत्रक–10** | | | | | | | | | | |

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **1.** | क | **2.** | क | **3.** | ग | **4.** | घ | **5.** | ग | **6.** | क | **7.** | ग | **8.** | ग | **9.** | क | **10.** | क |
| **11.** | क | **12.** | घ | **13.** | ख | **14.** | घ | **15.** | ख | | | | | | | | | | |